नईदुनिया



# पूनम-38 में पंडित राकेश चौरसिया द्वारा बांसुरी वादन 16 को

**भोपाल। इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय द्वारा लोकप्रिय और प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत पर केंद्रित कार्यक्रम श्रंखला पूनम की 38 वीं कड़ी के रूप में बुधवार दिनांक 16 अक्टूबर 2024 को झील की ओर स्थित आवृत्ति भवन के सामने मुक्ताकाश मंच पर सांय 7 बजे से प्रख्यात बांसुरी वादक पंडित राकेश चौरसिया द्वारा बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी जायेगी। इस कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है।**



बहुमुखी प्रतिभा की धनी श्री राकेश चौरसिया एक युवा प्रतिभा हैं और बांसुरी वादक पंडित हरिप्रसाद चौरसिया के भतीजे हैं। अपने चाचा के सबसे निपुण शिष्यों में से एक, वे चौरसिया विरासत को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

अपने महान चाचा की तरह राकेश में भी शक्ति और शांति का सही संतुलन है, जो एक असाधारण बांसुरी वादक के लिए बहुत महत्वपूर्ण तत्व हैं। उनकी कुशल फूंकने की तकनीक और 'स्वर' और 'ताल' के प्रशिक्षण से उनकी भावनाएं बांस के खोखले टुकड़े के माध्यम से स्पष्ट रूप से प्रकट होती हैं। राकेश पहले भी कई बार विश्व भ्रमण कर चुके हैं और जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका में शास्त्रीय और अर्ध-शास्त्रीय संगीत समारोहों में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर चुके हैं। श्री चौरसिया एक कुशल संगीतकार भी हैं, जिन्होंने भारतीय फिल्म उद्योग के अधिकांश प्रमुख दिग्गजों के साथ रिकॉर्डिंग भी की है। उन्हें महारानी एलिजाबेथ की रजत जयंती के उपलक्ष्य में बीबीसी रेडियो पर विश्व भर के दर्शकों के लिए प्रसारित चौबीस घंटे के लाइव संगीत कार्यक्रम के समापन के लिए आमंत्रित किया गया था।

## स्वच्छ आहार दिवस पर खान पान यूनिटों की जांच

**भोपाल।** भारतीय रेलवे में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत के तहत स्वच्छता अभियान 4.0 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत दिनांक 01 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2024 तक विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से स्वच्छता से संबंधित कार्यवाही की जा रही है। मण्डल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में और सीनियर डीसीएम श्री सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर खान-पान यूनिटों, स्टालों, फूड प्लाजा, रिफ्रेशमेंट रूमों और स्वास्थ्य यूनिटों की स्वच्छता की जांच की गई।

स्वच्छ आहार दिवस के अवसर पर, अधिकारियों द्वारा स्टेशनों पर स्थित खानपान स्टालों पर बेची जा रही सामग्री की गुणवत्ता, वैधता तिथि, और साफ-सफाई की गहन जांच की गई। इसके तहत भोपाल स्टेशन के फूड प्लाजा और इटारसी, बीना एवं गुना स्टेशन पर संचालित रिफ्रेशमेंट रूमों की गहन निरीक्षण किया गया, जिसमें बेची जा रही खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और उनकी वैधता तिथि की जांच की गई रेलगाड़ियों के पेंट्रीकार में भी वाणिज्य और परिचालन विभाग के पर्यवेक्षकों ने खाद्य सामग्री की जांच की, साथ ही वेंडरों के पास उपलब्ध सामग्री की गुणवत्ता और वैधता तिथि की भी समीक्षा की गई।

## सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

**भोपाल।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा फाइनल ईयर और प्री-फाइनल ईयर के छात्रों के लिए कोलार डैम और कोलार जल शोधन संयंत्र का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

शैक्षणिक भ्रमण में 44 छात्रों ने भाग लिया।

जिनके साथ तीन संकाय सदस्य डॉ. शंकर सिंह कुशवाहा, डॉ. अमित कुमार अहिरवार और डॉ. रचना बजाज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।भ्रमण के दौरान छात्रों ने जल संसाधन विभाग, मध्यप्रदेश सरकार के जूनियर इंजीनियर श्री सनी अमरेलिया के मार्गदर्शन में डैम के विभिन्न तकनीकी पक्षों जैसे कि इंफिल्ट्रेशन गैलरीज, डैम एम्बैंकमेंट्स, स्पिलवे, गेट्स आदि का अवलोकन किया। इसके पश्चात छात्रों ने भोपाल नगर निगम के जूनियर इंजीनियर श्री महेंद्रनाथ योगी के निर्देशन में कोलार जल शोधन संयंत्र का भ्रमण किया, जहाँ उन्होंने चूना और फिटकरी मिलाने का बेसिन, क्लैरिफ्लोक्युलेटर, फिल्टर, क्लोरीनेशन यूनिट और पंप हाउस जैसी जल शोधन इकाइयों की कार्यप्रणाली को समझा।

विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण से छात्रों को सिविल इंजीनियरिंग की अवधारणाओं को गहराई से समझने में सहायता मिली और उनके व्यावहारिक ज्ञान में वृद्धि हुई।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विजय सिंह ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ। जिससे उन्हें हाइड्रोलिक संरचनाओं और जल शोधन प्रक्रिया की व्यवहारिक जानकारी प्राप्त हुई।

## रूमेटोलॉजिस्ट परामर्श के जरिए संभव है गठिया के दर्द से राहत

**भोपाल।** गठिया एक क्रोनिक डिसीस है यानी ब्लड प्रेशर और शुगर की तरह इसकी दवाइयां भी लम्बे समय तक खानी पड़ सकती है परंतु विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श और सही इलाज के जरिए गठिया के दर्द से राहत पाई जा सकती है और मरीज पहले की तरह सामान्य जीवन जी सकता है।

विश्व गठिया रोग दिवस के उपलक्ष्य में करवाए गए पेशेंट अवेयरनेस कैंपेन के तहत यह बात रूमेटोलॉजिस्ट डॉ अरुण तिवारी ने कही। उन्होंने बताया कि आमतौर पर लोगों को यह जानकारी ही नहीं होती है कि गठिया के निदान के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक भी होते हैं।

ज्यादातर मरीज सही जानकारी के अभाव में हड्डी रोग विशेषज्ञ या अन्य चिकित्सकों से लम्बे समय तक इलाज करवाते रहते हैं और दर्द में राहत नहीं मिलने पर यह मान बैठते हैं कि गठिया लाइलाज बीमारी है। लोगों में यह जागरूकता लाना जरुरी है कि गठिया जैसी ऑटो इम्यून बीमारियों के इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक रूमेटोलॉजिस्ट होते हैं।

## युवा आइडियाथॉन में पांच हजार स्कूलों ने लिया भाग

**भोपाल।** बड़ी उद्यमिता प्रतियोगिता यूथ आइडियाथॉन 2024 के चौथे संस्करण में भारत भर के 5,000 से अधिक स्कूलों के 1.8 लाख से अधिक युवा नवप्रवर्तकों ने हिस्सा लिया। इसका समापन आज आईआईटी दिल्ली में शीर्ष 100 किशोर नवप्रवर्तकों के नवप्रवर्तन के भव्य प्रदर्शन के साथ हुआ। थिंकस्टार्टअप और मैनेजमेंट आंत्रप्रेन्योरशिप प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल द्वारा सेंट्रल बोर्ड फॉर सेकेंडरी एजुकेशन और आईआईटी दिल्ली के सहयोग से आयोजित यूथ आइडियाथॉन भारत की सबसे बड़ी नवाचार और उद्यमिता प्रतियोगिता है, जिसे विशेष रूप से कक्षा 4 से 12 तक के स्कूली छात्रों के लिए डिज़ाइन किया गया है।

आईआईटी दिल्ली में डीन (अकादमिक) नारायणन डी कुरुर, सिडबी के सीजीएम आरके सिंह, आईएसपीए के डीजी लेफ्टिनेंट जनरल एके भट्ट (सेवानिवृत्त), ब्रिक्स सीसीआई के उपाध्यक्ष समीप शास्त्री, मीडियाटेक इंडिया के एमडी अंकु जैन, ईएसआरआई इंडिया के एमडी अगेंद्र कुमार, वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन के वीसी डॉ. संजय गुप्ता, ईएसआरआई इंडिया की सीएओ रश्मि गुप्ता, शीएटवर्क की संस्थापक रूबी सिन्हा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# मयूख डीलट्रेड राइट्स इश्यू के जरिए 49 करोड़ जुटाएगी

**भोपाल।** विभिन्न प्रकार के बर्नर के निर्माण में कार्यरत बीएसई लिस्टेड फर्म (बीएसइ: 539519) मुंबई स्थित मयूख डीलट्रेड लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने 30 अगस्त, 2024 को कंपनी के पात्र शेयरधारकों को राइट इश्यू द्वारा इक्विटी शेयर इश्यू करके रु. 49 करोड़ तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने प्रबंध निदेशक और सीएफओ को सलाहकार नियुक्त करने और राइट इश्यू की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी अधिकृत किया है।

बोर्ड ने 1 शेयर के पांच शेयर में शेयर विभाजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। बोर्ड ने कंपनी की साधारण बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन, रु. 5 के अंकित मूल्य के 1 इक्विटी शेयर को (पूरी तरह से भुगतान किए गए) रु. 1 के अंकित मूल्य के 5 इक्विटी शेयरों में उप-विभाजन के प्रस्ताव पर चर्चा की और मंजूरी दे दी।

## सोनालीका ने बिक्री का उच्च प्रदर्शन दर्ज कराया

**भोपाल।** भारत से ट्रैक्टर एक्सपोर्ट में नंबर 1 ब्रांड सोनालीका ट्रैक्टर्स वित्त वर्ष 25 में एक नया बेंचमार्क प्रदर्शन स्थापित करने और ट्रैक्टर उद्योग के पावर हाउस के रूप में अपनी क्षमता फिर से साबित करके उत्साहित है। सबसे बड़े त्योहारी सीज़न की शुरुआत में, कंपनी ने अपनी अब तक की सर्वाधिक घरेलू बिक्री 63,136 ट्रैक्टर्स दर्ज की है और घरेलू उद्योग में मार्किट शेयर में बढ़ोतरी दर्ज करने वाले प्रमुख ब्रांड में से एक रहा। कंपनी ने उद्योग के प्रदर्शन की तुलना में 7 गुना अधिक वृद्धि दर्ज करते हुए शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है और यह दुनिया के सबसे बड़े ट्रैक्टर बाज़ार में ब्रांड द्वारा अनुकूलित कृषि समाधान प्रदान करने की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित करता है।

## ट्रूकॉलर ने की भारत में नेम वेरीफिकेशन सेवा की शुरुआत

**भोपाल।** ट्रूकॉलर ने भारत में प्रीमियम सेवाओं के सभी यूजर्स के लिए ब्लू टिक वेरिफिकेशन की शुरुआत की है। इस नई वेरीफाइड बैज सेवा की मदद से यूजर्स को सरकार के सहयोग से संचालित यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस के ज़रिये अपनी पहचान को वेरीफाई करने की सुविधा मिलती है, और इस तरह वे आपने सही नाम की पुष्टि कर सकते हैं। बीते कुछ सालों के दौरान वेरीफाइड बैज एक ऐसे फीचर के तौर पर सामने आया है, जिसकी मांग ट्रूकॉलर के यूजर्स के बीच सबसे ज़्यादा है।

ज़्यादातर यूजर्स ने यह इच्छा जाहिर की है कि इसे प्राप्त करने के तरीके को अधिक पारदर्शी और सुलभ बनाया जाए। लोगों की इस ज़बरदस्त मांग को पूरा करने के लिए ट्रूकॉलर ने वेरिफिकेशन की प्रक्रिया को नया रूप दिया है, ताकि उन्हें ज़्यादा सटीक और भरोसेमंद समाधान उपलब्ध कराया जा सके। ट्रूकॉलर के इस नए वेरीफाइड बैज फीचर में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस के ज़रिये बाहरी वेरीफिकेशन की सुविधा का उपयोग किया जाता है।

# मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने 39 आउटसोर्स कर्मचारी किए ब्लैक लिस्ट

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही और अनियमितता बरतने के चलते कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल ग्रामीण, रायसेन, नर्मदापुरम ग्रामीण, भिंड, गुना एवं शिवपुरी में बाह्यस्त्रोत एजेंसी के माध्यम से कार्यरत 39 आउटसोर्स कार्मिकों को सेवाओं से पृथक करते हुए ब्लैक लिस्ट किया है। कंपनी द्वारा ब्लैक लिस्ट किये गए 39 आउटसोर्स कार्मिक अब कंपनी कार्यक्षेत्र के किसी भी बिजली कार्यालय में कार्य नहीं कर सकेंगे।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल ग्रामीण वृत्त में कार्यरत 3, नर्मदा पुरम ग्रामीण में 3 आउटसोर्स कार्मिकों के साथ ही भिंड में 6, गुना में 15, रायसेन में 1 तथा शिवपुरी वृत्त में कार्यरत 11 आउटसोर्स कर्मचारियों को लापरवाही और अनियमितता बरतने के कारण सेवा से पृथक कर ब्लैक लिस्ट किया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने सचेत किया है कि कार्य में पारदर्शिता, लगन, निष्ठा और उपभोक्ता सेवाओं को लेकर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कंपनी में जीरो टोलरेंस की नीति लागू है और सभी मैदानी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे उपभोक्ता सेवाओं और कंपनी की उत्तरोत्तर तरक्की के लिए निरन्तर प्रयास करते रहें।

## एक्सिस बैंक ने 'स्प्लैश' का 12वां एडिशन किया लॉन्च

**भोपाल।** देश में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने 7-14 वर्ष की आयु के बच्चों के बीच सद्भावना को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए कला, शिल्प और साहित्य पर एक वार्षिक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता 'स्प्लैश' की शुरुआत की घोषणा की है। इस वर्ष, 'स्प्लैश' की थीम 'ग्रॅटिट्युड' होगी और इसी थीम पर ध्यान केंद्रित करते हुए विविध स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। इन अर्थों में यह आयोजन युवा प्रतिभागियों को उनकी रचनात्मकता के माध्यम से प्रशंसा और आभार के महत्व को दर्शाने और व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## सूडोकू नवताल- 7212

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 | 6 | | 7 |
| | | | | | 8 | | | 1 |
| | | 7 | 4 | 6 | | 8 | | 9 |
| 3 | 2 | | | | 7 | | | 8 |
| 1 | | 9 | | 4 | | 7 | | 5 |
| 4 | | | 2 | | | | 9 | 3 |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 | 9 | | |
| 8 | | | 3 | | | | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | | 4 |


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल -7211 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 6 | 2 | 8 | 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 |
| 9 | 8 | 2 | 7 | 3 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 1 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 5 | 7 | 2 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 4 | 9 | 5 |
| 2 | 9 | 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 7 |

## काकुरो पहेली - 6891



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:





### काकुरो - 6890 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8278




**बाएँ से दाएँ**

1. प्रार्थना, खुशामद-4
4. स्मशान, शवदाहगृह-4
6. भ्रमर, चक्र-3
8. कामदेव, सुंदर-3
9. चांदी-3
11. सितारा-2
13. राजकुमार, मनोज कुमार, वहीदा रहमान की फिल्म-5
15. हालात, तबियत-2
16. फिजूल, व्यर्थ-3
18. डिपो-3
19. गमन, विदा-3
20. झगड़ा, अनबन-4
22. लुंगी-4

**ऊपर से नीचे**


1. आलता, माहुर-4
2. घाटा, नुकसान-2
3. कमल, जलज-3
4. अभिष्ट इच्छा, चाह-5
5. टक्कर, मुठभेड़-4
7. रात्रि, निशा-3
10. जरूरतमंद-5
12. हाथी साधने वाला-4
14. तरंग, हिलोर-3
17. कसरत, परेड-4
18. विश्राम, राहत-3
21. मार्ग, पथ-2

### शब्द पहेली -8277 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6709




**बायें से दायें:-**

१. अमिताभ, अमृता की 'मैं माटी का गुड्डा' गीत वाली फिल्म-३
३. 'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनी, सुष्मिता की फिल्म-२
५. 'गवाह हैं चाँद तारे' गीतवाली फिल्म-३
७. 'धीरे धीरे आप मेरे दिल में' गीत वाली आमिर, जूही की फिल्म-२
९. धर्मेन्द्र, सुनीलदत्त, संजय, सनी, रवीना, दिव्या की बहु सितारा फिल्म-३
१०. 'कोयल सी तेरी बोली' गीत वाली फिल्म-२
११. 'ओ गुड़िया ओ बहना' गीत वाली संजयदत्त, फरहा की फिल्म-३
१२. 'फूल माँगूं ना' गीत वाली फिल्म-२
१४. 'आजा जाने जाँ' गीतवाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१६. 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'इलाहाबाद में पैदा हुई' गीत वाली देव आनंद, हेमा की फिल्म-४
२२. जीतेंद्र, संजयदत्त, जूही की 'ढूंढ रही थी' गीत वाली फिल्म-४
२५. सनी वाली फिल्म 'जाल' में तब्बू के साथ दूसरी नायिका-२
२६. दिलीप, रेखा, ममता की फिल्म-२
२७. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली संजय, सलमान, रवीना की फिल्म-२
२९. 'नशा ये प्यार का नशा है' गीत वाली फिल्म-२
३०. अल्ताफ रजा के गीत 'पीलो प्यार दी विस्की' वाली फिल्म-२
३१. सनी देओल, अमीषा की फिल्म-३
३३. 'राजा की आएगी बारात' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
३५. अमिताभ, परवीन की 'आदमी जो कहता है' गीत वाली फिल्म-४
३६. 'मधुबन में जो कन्हैया' गीत वाली फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'हय्या हू' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२. एलबम 'मैं भी मैडोना' का गायक?-२
४. 'शहर की लड़की' गीत वाली फिल्म-३
५. नासिर खान, मीनाकुमारी की फिल्म-३
६. अमिताभ वाली 'याराना' की नायिका?-२
८. 'कुर्बानी' में फिरोज की नायिका?-३
१३. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
१४. अनिल, जूही, करिश्मा की फिल्म-३
१५. अरविंद स्वामी, मधु की 'दिल है छोटा सा' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'चोरी चोरी कोई आए' गीत वाली फारूख, पूनम की फिल्म-२
१९. 'एहसास' में सुनील शेट्टी की नायिका-२
२०. फिल्म 'मदर इंडिया' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-३
२१. अनिल, मीनाक्षी की 'जिंदगी हर कदम' गीत वाली फिल्म-२,२
२३. गोविंदा, नीलम की 'मैं प्यार का पुजारी' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
२७. उमादेवी के गाये 'अफसाना लिख रही हूँ' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'तितली उड़ी' गीत राजेंद्रकुमार की किस फिल्म का है-३
२९. जीतेंद्र, रणधीर, राकेश, रेखा की फिल्म-३
३०. 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीतवाली फिल्म-३
३२. विवेक, दीया मिर्जा की फिल्म-२
३४. अमिताभ की 'खाइके पान' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 6708



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सूडोकू नवताल- 7212

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | | 8 | 5 | 1 | 9 |
| | | | | | 8 |
| | | 7 | 4 | 6 | |
| 3 | 2 | | | | 7 |
| 1 | | 9 | | 4 | |
| 4 | | | 2 | | |
| 6 | | 3 | | 5 | 1 |
| 8 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 9 | 2 | 6 |

## शब्दजाल - 7818

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | धा | र | शि | ला | का | धि | का | र | प | गो |
| धा | म | क | म | इं | ढे | बा | ग | ति | मा | ला |
| र | दा | ने | ला | मा | ग | जा | द | अ | शां | ति |
| सि | ग | ल | सा | जा | न | र | ध | प | लि | अ |
| त | अ | अ | र | म | न | मे | ह | मा | न | ग्नि |
| अ | ना | का | र | व | ने | का | त | न | र | प |
| ग | मा | ल | मा | व | अ | ला | र | मा | न | री |
| र | बे | मि | सा | ल | प | स | अं | ल | वि | क्षा |
| क | जु | बा | अ | लं | का | र | गू | न | जू | दे |
| र | बा | ति | मा | न | सिं | ग्रा | र | का | प | श |
| बां | न | ल | प | ब | गा | व | त | प | र | र |

शब्द जाल में 1982 में प्रदर्शित 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.

आमने सामने, अंगूर, अशांति, बाजार, आधारशिला, अग्नि परीक्षा, अपमान, बगावत, बेमिसाल, बेजुबान

### शब्दजाल - 7817 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore